शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./राशिके/मूल्यांकन/शा.सि./2020/2404 भोपाल दिनांक 11/6/2020

प्रति,

1.) जिला परियोजना समन्वयक,
जिला शिक्षा केन्द्र,
समस्त जिले मध्यप्रदेश

2.) प्राचार्य डाइट,
समस्त जिले मध्यप्रदेश

विषयः—"शाला सिद्धि—हमारी शाला ऐसी हो" कार्यक्रम का क्रियान्वयन चयनित शेष प्राथमिक शालाओं में करने के संबंध में।

संदर्भः—1. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र/राशिके/मूल्यांकन/शाला सिद्धि/2016/1690 भोपाल, दिनांक 21.02.2016

2. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र/राशिके/मूल्यांकन/शाला सिद्धि/2019/1002 भोपाल, दिनांक 06.05.19

विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। "शाला सिद्धि—हमारी शाला ऐसी हो" कार्यक्रम इन्हीं प्रयासों का समेकित स्वरूप हैं। कार्यक्रम के अन्तर्गत शाला संबंधित आयामों के मानकों पर स्वयं अपना मूल्यांकन करते हुए शाला उन्नयन योजना तैयार करती हैं। इस कार्यक्रम का मूल आधार मूल्यांकन से उन्नयन है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रथम चरण (सत्र 2016—17) में प्रदेश में प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से चार प्राथमिक व चार माध्यमिक शालाओं का चयन कर कार्यक्रम का प्रभावी कियान्वयन किया गया है। पुनः द्वितीय चरण (सत्र 2019—20) में सभी माध्यमिक शालाओं एवं प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से चार प्राथमिक शालाओं का चयन किया गया।

"शाला सिद्धि—हमारी शाला ऐसी हो" कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में चयनित शालाओं की अपेक्षित प्रगति एवं सभी शालाओं को शाला उन्नयन के एकसमान अवसर उपलब्ध कराने हेतु तृतीय चरण सत्र (सत्र 2020—21) में प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र की सभी शेष प्राथमिक शालाओं को सम्मिलित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। **तदनुसार प्रदेश की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं "शाला सिद्धि—हमारी शाला ऐसी हो" कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित की जायेंगी।**

उपरोक्तानुसार सत्र 2020—21 में प्रदेश की समस्त माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं में "शाला सिद्धि—हमारी शाला ऐसी हो" कार्यक्रम का क्रियान्वयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनिश्चित किया जाये। संचालन की प्रक्रिया एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

(लोकेश कुमार जाटव)
आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

Scanned by CamScanner

पृ.क्र./राशिके/मूल्यांकन/शा.सि./2020/2405 भोपाल दिनांक 4/6/2020

प्रतिलिपिः—

1. प्रमुख सचिव म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जनजाति कल्याण विभाग, भोपाल मध्यप्रदेश।
3. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय गौतम नगर भोपाल।
4. आयुक्त, जनजातिय कार्य विकास विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
5. संभागायुक्त, समस्त संभाग म.प्र.।
6. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र.।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले म.प्र.।
8. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग म.प्र.।
9. प्राचार्य समस्त IASE/CTE म.प्र.।
10. जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले म.प्र.।
11. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग समस्त जिले म.प्र.।
12. बीआरसीसी, समस्त जनपद शिक्षा केन्द्र, म.प्र.।
13. आई.सी.टी. कक्ष को एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

Scanned by CamScanner